संक्षेप में

टेनसेंट ने पीबी फिनटेक में 1% हिस्सेदारी बेची

टेनसेंट ने शुक्रवार को पीबी फिनटेक में 48.4 लाख शेयर बेचे, जो 1.05 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी है। इस हिस्सेदारी बिक्री से टेनसेंट को 1,435.1 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 695 करोड़ रुपये हासिल हुए। प्रमुख खरीदारों में गोल्डमैन सैक्स, मिरे ऐसेट म्युचुअल फंड, डीएसपी एमएफ और टाटा म्युचुअल फंड शामिल थे। *बीएस*

एस्सेल से जुड़े मामले में कोटक एएमसी को राहत

प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) ने कोटक महिंद्रा ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी को उन कुछ फिक्स्ड मैच्योरिटी प्लांस (एफएमपी) से जुड़े एक मामले में आंशिक राहत दी है, जिनका एस्सेल ग्रुप की संस्थाओं में एक्सपोजर था। न्यायाधिकरण ने प्रबंधन शुल्क को जब्त करने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निर्देश को रद्द कर दिया, लेकिन बाजार नियामक द्वारा लगाए गए दंड को बरकरार रखा। *बीएस*

आइकिया का 28 तक मुनाफे में आने का लक्ष्य

स्वीडन की दिग्गज फर्नीचर खुदरा विक्रेता आइकिया भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है। कंपनी को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2027-28 के अंत तक भारत में उसका परिचालन मुनाफे में आ जाएगा। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अगले चार-पांच वर्षों में 25 नए छोटे और मध्यम आकार के स्टोर खोलने की योजना है। आइकिया इंडिया के सीईओ पैट्रिक एंटोनी ने बताया कि मुनाफे में आने का लक्ष्य कुल राजस्व बढ़ाकर, अधिक स्टोर खोलकर, स्थाई लागत कम करके और परिचालन दक्षता में सुधार करके हासिल किया जाएगा। *भाषा*

सेडेमैक आईपीओ को 2.7 गुना बोलियां मिलीं

सेडेमैक मेकेट्रोनिक्स के आईपीओ को चुनौतीपूर्ण बाजार हालात के बीच 2.7 गुना बोलियां मिलीं। संस्थागत निवेशक श्रेणी में मजबूत मांग देखी गई और उसे 8.5 गुना बोलियां मिलीं। *बीएस*

फरवरी में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में बरकरार रही रफ्तार

शाइन जेकब
चेन्नई, 6 मार्च

ग्राहकों को भाई ईवी

- **फरवरी 2026 में ओला इलेक्ट्रिक देश की शीर्ष 5 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन विनिर्माताओं से हुई बाहर**
- **दोपहिया श्रेणी की बिक्री में 46 प्रतिशत की उछाल देखी गई, जो फरवरी 2025 की 76,722 वाहन बिक्री की तुलना में बढ़कर इस फरवरी में 1,11,709 हो गई**
- **फरवरी में 13,733 यात्री वाहन बेचे गए। ये पिछले साल इसी महीने बेचे गए 9,505 वाहनों की तुलना में 44 प्रतिशत अधिक है**

फरवरी के दौरान देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री सभी श्रेणियों में बढ़ी। फरवरी 2025 के मुकाबले दोपहिया की बिक्री में 46 प्रतिशत, यात्री वाहनों में 44 प्रतिशत, वाणिज्यिक में 156 प्रतिशत और तिपहिया वाहनों की बिक्री मे 25 प्रतिशत का इजाफा हुआ। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हालांकि जनवरी के अधिक आधार और महीना छोटा होने के कारण मासिक आधार पर इसमें गिरावट आई।

दोपहिया वाहनों की श्रेणी में एक बड़ा बदलाव यह रहा कि फरवरी 2026 में ओला इलेक्ट्रिक देश की शीर्ष 5 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन विनिर्माताओं से बाहर हो गई। पिछले चार वर्षों में उसकी सबसे कम बिक्री 3,968 रही। फरवरी 2025 में 8,675 वाहनों की बिक्री के मुकाबले उसकी बिक्री में 54 प्रतिशत की गिरावट आई। अलबत्ता दोपहिया श्रेणी की बिक्री में 46 प्रतिशत की उछाल देखी गई, जो फरवरी 2025 की 76,722 वाहन बिक्री की तुलना में बढ़कर इस फरवरी में 1,11,709 हो गई। मासिक आधार पर जनवरी 2026 के मुकाबले बिक्री में 9 प्रतिशत की गिरावट आई।

सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह कि फरवरी में दोपहिया वाहनों की 70 फीसदी बिक्री में 3 कंपनियों का योगदान रहा। टीवीएस मोटर ने 31,614 वाहन बेचे, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 67 प्रतिशत अधिक थे। बजाज ऑटो ने 17 प्रतिशत के इजाफे के साथ 25,328 वाहन बेचे जबकि एथर एनर्जी ने 72 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 20,584 वाहन बेचे।

हीरो मोटोकॉर्प ने 12,514 वाहनों की बिक्री की, जो 364 प्रतिशत अधिक रही। ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने 4,724 वाहनों की बिक्री की, जो 28 प्रतिशत अधिक है। ये दोनों शीर्ष पांच कंपनियों में शामिल हैं और ओला खिसक कर छठे स्थान पर चली गई। महीने के दौरान दोपहिया वाहनों की पैठ 6.6 प्रतिशत रही, जो जनवरी के मुकाबले सपाट और फरवरी 2025 की 5.6 प्रतिशत पैठ की तुलना में अधिक है।

फाडा के अध्यक्ष सीएस विघ्नेश्वर ने कहा, 'फरवरी 2026 में ईवी की खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर सभी श्रेणियों में वृद्धि जारी रही, हालांकि ईवी की समूची पैठ काफी हद तक रेंज-बाउंड रही क्योंकि तेल-गैस इंजन की बिक्री में बहुत तेजी से वृद्धि हुई। ईवी की कुछ श्रेणियों में मासिक आधार पर दिखने वाली नरमी काफी हद तक महीने के छोटा होने और जनवरी के अधिक आधार को दर्शाती है तथा भारत के ईवी परिवर्तन की संरचनात्मक दिशा को कमजोर नहीं करती है।'

फरवरी में 13,733 यात्री वाहन बेचे गए। ये पिछले साल इसी महीने बेचे गए 9,505 वाहनों की तुलना में 44 प्रतिशत अधिक है। अलबत्ता यह जनवरी में बेचे गए 18,470 वाहनों की तुलना में 26 प्रतिशत कम रहे। पिछले साल फरवरी के मुकाबले पैठ भी 3 प्रतिशत से बढ़कर 3.5 प्रतिशत हो गई।

सबसे अहम बात यह कि महीने की 86 प्रतिशत बिक्री में तीन कंपनियों का योगदान रहा। टाटा मोटर्स ने 5,568 वाहन, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर (जेएसडब्ल्यू मोटर) ने 3,312 वाहन और महिंद्रा ऐंड महिंद्रा ने 2,913 वाहन बेचे। इस श्रेणी में शामिल नई कंपनी विनफास्ट ऑटो ने महीने के दौरान 384 वाहन बेचकर चौथा स्थान हासिल किया।

अप्रेजल के बाद फ्लिपकार्ट ने 300 कर्मी हटाए

पीरजादा अबरार और उदिशा श्रीवास्तव
बेंगलूरु/नई दिल्ली, 6 मार्च

परिचालन दक्षता बढ़ाने पर जोर

- **छंटनी वाले लोगों की संख्या कुल कर्मचारियों के करीब 2 प्रतिशत के है बराबर**
- **ई-कॉमर्स कंपनी अपना परिचालन कर रही कड़ा और संभावित आईपीओ की कर रही तैयारी**
- **संभावित आईपीओ से पहले फ्लिपकार्ट नेतृत्व और प्रशासनिक क्षमताओं को भी कर रही है मजबूत**

फ्लिपकार्ट ने अप्रेजल के बाद इस साल करीब 250 से 300 कर्मचारियों को जाने के लिए कहा है। जानकार सूत्रों ने बताया कि यह छंटनी कंपनी के कुल कर्मचारियों का करीब 2 प्रतिशत है। यह आमतौर पर 1 से 2 प्रतिशत उन कर्मचारियों की संख्या के बराबर है, जिन्हें नियमित प्रदर्शन प्रबंधन के बाद फर्म हटा देती है।

बिज़नेस स्टैंडर्ड के एक सवाल के जवाब में फ्लिपकार्ट ने कहा, 'फ्लिपकार्ट स्पष्ट रूप से निर्धारित उम्मीदों के अनुरूप नियमित प्रदर्शन समीक्षा करती है। इस प्रक्रिया के तहत कुछ कर्मचारी संगठन छोड़ जाते हैं। अलग होने की प्रक्रिया के दौरान हम प्रभावित कर्मचारियों की मदद कर रहे हैं।' कंपनी में लगभग 20,000 लोग काम करते हैं।

कंपनी की मार्केटप्लेस शाखा फ्लिपकार्ट इंटरनेट ने वित्त वर्ष 2025 में 20,493 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया। इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जबकि शुद्ध घाटा 37 प्रतिशत घटकर 1,494 करोड़ रुपये रह गया। वित्त वर्ष 24 से विकास की रफ्तार धीमी पड़ गई, जब परिचालनगत राजस्व में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। यह लगातार दूसरा ऐसा वर्ष था जब कारोबार में 20 प्रतिशत से अधिक का इजाफा हुआ।

पिछले दो वर्षों के दौरान फ्लिपकार्ट ने तय आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले अपने वरिष्ठ नेतृत्व को भी सुव्यवस्थित किया है। कंपनी ने कथित तौर पर अपने वरिष्ठ उपाध्यक्षों के कैडर को पहले के लगभग 18 से घटाकर एक दर्जन से भी कम कर दिया, जबकि छोड़कर करने वाले शीर्ष प्रमुखों के खाली पदों को भरने के लिए और अधिक विशिष्ट दायित्वों वाले अधिकारियों को चुनिंदा रूप से काम पर रखा।

फ्लिपकार्ट संभावित आईपीओ से पहले नेतृत्व और प्रशासनिक क्षमताओं को भी मजबूत कर रही है। फ्लिपकार्ट समूह ने हाल में दो वरिष्ठ अधिकारियों को नियुक्त किया है। वह अपने मूल कारोबारों का प्रशासन सुदृढ़ करने और उन्हें बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। जेसन चैपल उपाध्यक्ष और समूह नियंत्रक के रूप में शामिल हुए हैं, जबकि आमिर हुसैन को किराने और फ्लिपकार्ट मिनट्स के लिए आपूर्ति श्रृंखला का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

ये नियुक्तियां फ्लिपकार्ट के नेतृत्व और प्रशासनिक क्षमताओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाती हैं, जो इसके विकसित होते स्तर और दीर्घकालिक विकास की महत्त्वाकांक्षाओं के अनुरूप हैं।

शटल कारोबार 'चुनौतीपूर्ण स्थान' है : उबर

उबर इंडिया ने कहा है कि उसका शटल कारोबार चुनौतीपूर्ण रहा है क्योंकि उसे लगातार नियामकीय अवरोधों का सामना करना पड़ रहा है। ये बाधाएं दिल्ली और कोलकाता के अलावा अन्य जगह उसके परिचालन का विस्तार रोकती हैं। राइड-हेलिंग क्षेत्र की इस दिग्गज कंपनी ने साल 2024 में बेंगलूरु में सेवा शुरू करने की योजना का ऐलान किया था। लेकिन अभी तक यह शुरू नहीं हो पाई है। उबर इंडिया के अध्यक्ष प्रभजीत सिंह ने कंपनी की उबर इंटरसिटी बस सेवा शुरू करने की घोषणा के मौके पर कहा, 'यह पोर्टफोलियो का हिस्सा है और हम नियामकीय दिशा, अर्थव्यवस्था तथा दक्षता के आधार पर लगातार पुनर्मूल्यांकन करते रहते हैं। यह छोटे स्तर की योजना है।' *बीएस*

लंबी दूरी वाला ड्रोन तय करेगा भविष्य के युद्धों का रुख

हेमंत कुमार राउत
भुवनेश्वर, 6 मार्च

आज के समय में आधुनिक तरीके से लड़े जाने वाले युद्धों में वन-वे अटैक ड्रोन एक खासियत बनकर उभर रहे हैं। ऐसे में जानी-मानी डिफेंस टेक्नॉलजी कंपनी आईजी डिफेंस ने दावा किया है कि उसने भारत में लंबी दूरी तक निशाना लगाने में सक्षम ड्रोन बनाया है, जो 1,000 किलोमीटर तक विस्फोटक ले जा सकता है।

'प्रोजेक्ट काल' के तहत विकसित किए जा रहे अपनी तरह के इस अनोखे ड्रोन की तुलना ईरानी शाहेद-क्लास स्वार्म ड्रोन सहित आधुनिक ड्रोन सिस्टम से की जा सकती है। ओडिशा में स्थापित और नई दिल्ली में मुख्यालय वाली इस कंपनी ने हाल में उन्नत ड्रोन की पहली झलक को पेश किया। इस तरह के अगली पीढ़ी के ड्रोन का निर्माण इसलिए महत्त्वपूर्ण है क्योंकि शाहेद-136 जैसे प्लेटफॉर्म ने खासकर एक तरफ ईरान और दूसरी तरफ अमेरिका और इजरायल के बीच चल रहे तनाव के बीच अपेक्षाकृत कम लागत पर लंबी दूरी तक विस्फोटक ले जाने की अपनी काबिलियत की वजह से दुनिया का ध्यान खींचा है।

आईजी डिफेंस के संस्थापक और मुख्य कार्याधिकारी बोधिसत्त्व संघप्रिय ने कहा कि लंबी दूरी के मानवरहित स्ट्राइक सिस्टम तेजी से आधुनिक संघर्षों के आकार को दुनिया भर में बदल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'प्रोजेक्ट काल के साथ, हमने लंबी दूरी की मारक क्षमता वाले ड्रोन की इस उभरती श्रेणी में स्वदेशी सिस्टम बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है। आगामी ड्रोन सिस्टम विकास के अपने पहले चरण में है और इसे जल्द ही पेश किया जाएगा।' शाहेड श्रेणी के ड्रोन को काफी सस्ती कीमत पर बनाया जा सकता है और बड़ी संख्या में तैनात किया जा सकता है।

खाने-पीने के सामान की डिलिवरी के बाजार में काफी गुंजाइश : स्विगी

स्विगी के फूड मार्केटप्लेस के मुख्य कार्य अधिकारी रोहित कपूर ने शुक्रवार को कहा कि भारत खाद्य डिलिवरी के लिए सबसे कम पहुंच वाले बाजार में से एक है, जो आगे बढ़ने के लिए काफी गुंजाइश देता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले कपूर ने बताया कि स्विगी की महिला डिलिवरी राइडर्स बढ़ रही हैं। कपूर ने कहा, 'खाद्य वस्तुओं की डिलिवरी में भारत अभी भी सबसे कम पहुंच रखने वाला बाजार है। आप कोई भी मानक लें, आप देखेंगे कि हम न सिर्फ पश्चिम के औसत से नीचे हैं, बल्कि हम कुछ दक्षण-पूर्व एशियाई देशों से भी नीचे हैं। इसलिए लंबे समय में आगे बढ़ने की काफी गुंजाइश है। भारत का 90 प्रतिशत हिस्सा अभी भी फूड डिलिवरी का अनुभव करने से वंचित है।

उन्होंने कहा कि फूड डिलिवरी मंच फायदेमंद बना हुआ है, 'हम निश्चित रूप से सही क्षेत्र में निवेश पर नज़र रखेंगे जो वृद्धि के लिए अगले मौके बनाते हैं।' फूड डिलिवरी और क्विक कॉमर्स की बड़ी कंपनी स्विगी, जो इंस्टामार्ट की मालिक है, का दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही में घाटा बढ़ गया था। कपूर ने पाया कि स्विगी के पास उन शहरों में ज्यादा महिला डिलिवरी राइडर हैं जहां महिलाएं बहुत ज्यादा दोपहिया वाहन चलाती हैं, जैसे कि चंडीगढ़, गुजरात के कुछ हिस्से और दक्षिण भारत। वह 'शी द चेंज' के मौके पर बोल रहे थे, यह एक पहल है जो उन महिलाओं पर केंद्रित है, जो भारत के खाने-पीने और व्यवसाय के माहौल को फिर से बदल रही हैं। *भाषा*

सरकारी बॉन्ड यील्ड बढ़ी, आरबीआई करेगा खरीद

अंजलि कुमारी
मुंबई, 6 मार्च

पश्चिम एशिया में युद्ध के चलते कच्चे तेल की कीमतों में आई उछाल के कारण शुक्रवार को सरकारी बॉन्ड यील्ड में ओवरनाइट इंडेक्स्ड स्वैप दरों के मुताबिक वृद्धि देखी गई। बेंचमार्क 10 वर्षीय सरकारी बॉन्ड की यील्ड पिछले बंद भाव 6.64 फीसदी के मुकाबले 6.69 फीसदी पर टिकी। डीलरों ने यह जानकारी दी।

ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें पिछले दिन के 82.76 रुपये प्रति बैरल के मुकाबले बढ़कर 86.94 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गईं।

बाजार बंद होने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक ने इस महीने अग्रिम कर भुगतान के कारण अपेक्षित तरलता संकट से निपटने के लिए 9 मार्च और 13 मार्च को 50,000 करोड़ रुपये की दो किस्तों में ओपन मार्केट ऑपरेशन के जरिये 1 लाख करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदने की घोषणा की। डीलरों ने बताया कि केंद्रीय बैंक ने सप्ताह के दौरान द्वितीयक बाजार में भारी मात्रा में बॉन्ड खरीदे, जिससे 10 साल के बेंचमार्क बॉन्ड पर यील्ड 6.70 फीसदी से नीचे सीमित रही। एक निजी बैंक के ट्रेजरी प्रमुख ने कहा, आरबीआई ने शुक्रवार को बॉन्ड नहीं खरीदे, जिसके कारण यील्ड में वृद्धि हुई। उन्होंने कहा, मौजूदा भू-राजनीतिक हालात देखते हुए ओआईएस में भुगतान हो रहा था और कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गई थीं, जिसके कारण बिकवाली हुई।

बाजार के जानकारों का कहना है कि आरबीआई द्वारा घोषित ओएमओ खरीद का मुख्य मकसद मार्च में अपेक्षित भारी कर भुगतान से पहले बैंकिंग प्रणाली में तरलता बढ़ाना है। बाजार के जानकारों का अनुमान है कि अग्रिम कर और जीएसटी भुगतान से प्रणाली से करीब 4 लाख करोड़ रुपये निकल सकते हैं, जिससे तरलता में काफी कमी आ सकती है। इसके अलावा, विदेशी मुद्रा बाजार में केंद्रीय बैंक के हालिया हस्तक्षेप और फॉरेक्स फॉरवर्ड सेल्स की परिपक्वता से भी रुपये की तरलता में कमी आने की संभावना है।

एक निजी बैंक के ट्रेजरी प्रमुख ने कहा, इस कदम को तरलता के दबाव को कम करने के लिए ऐहतियाती कदम के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा, ओएमओ नीलामी से ब्याज दरों में नरमी भी आएगी क्योंकि बैंक दो से तीन प्रतिभूतियों में लाभ कमा रहे हैं। डॉलर के अधिशेष में थी।

9 मार्च को खरीद के लिए पात्र प्रतिभूतियों में 6.01% सरकारी प्रतिभूति (जीएस) 2030, 6.10% जीएस 2031, 7.18% जीएस 2033, 6.19% जीएस 2034, 6.33% जीएस 2035, 6.92% जीएस 2039 और 7.30% जीएस 2053 शामिल हैं।

OFFICE OF THE JAMBONI PANCHAYAT SAMITY
JHARGRAM
Ph. No. + Fax No.: 03221-268249; EMAIL ID: bdojhargram@gmail.com
NOTICE INVITING e-TENDER
Tender Reference: WBJGM/JAMBONI/BDO/NIT-67/2025-26
Bid submission closing date: 13/03/2026 AT 10:30 AM
(Submission of Bid through online-
www.wbtenders.gov.in/nicgep/app)
Sd/- Block Development Officer, Jamboni Development Block

HALDIA MUNICIPALITY
Dr. B.R. Ambedkar Bhavan, Administrative Building,
City Centre, Debhog, Purba Medinipur - 721657, W.B.
Memo No. - 1270/HM/2026 Dated - 06/03/2026
E-TENDER NOTICE
Haldia Municipality invites E-Tender from reputed agencies having credential of similar/civil nature of job related with NIT No. - 2488 to 2492 (in 1st Call). Complete details can be obtained from http://wbtenders.gov.in
Sd/-
Finance Officer
Haldia Municipality

रेलटेल
(भारत सरकार का एक उद्यम)
CIN-L64202DL2000GOI107905
ई-टेंडर सूचना
निविदा संख्या GEM/2026/B/7310029, 7311231 और 7311412 के तहत, निविदा में उल्लिखित शर्तों के अनुसार, ईआरएस क्षेत्र के विभिन्न खंडों में संबंधित गियर/उपकरणों के निवारक रखरखाव और देखभाल के लिए 2 वर्ष की अवधि के लिए OFC रखरखाव टीम की तैनाती की जाएगी, जिसे समान नियमों और शर्तों पर 1 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज https://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं। परिशिष्ट/संशोधन भी उपरोक्त वेबसाइट पर ही अपलोड किया जाएगा।

पशु आहार संयंत्र, बीकानेर
क्रमांक :- आरसीडीएफ/सीएफपी-बीकानेर/2025-26/8407 - 8420 दिनांक :- 27/02/2026
ई-निविदा सूचना
पूर्व कार्यानुभव रखने वाले पात्र व्यक्तियों/फर्मों/एजेन्सियों से आरसीडीएफ के पशु आहार संयंत्र, बीकानेर के लिए निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

S. No.	Name of Tender	Estimated Value	UBN No.	Tender ID
1	Supply of Experienced Skilled Manpower for Cattle Feed Plant, Bikaner	₹175 लाख	CDF2526 SLRC01820	2026_RCDF_543228_1

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट www.sarasmilkfed.rajasthan.gov.in से एवम् वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। अधोहस्ताक्षरकर्ता को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए स्वीकार करने या अस्वीकार करने का अधिकार होगा एवम् किसी भी विवाद के मामले में अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय अन्तिम होगा।
राज.संवाद/सी/25/21858 प्रबन्धक
जीवन में भरे रस-हमारा प्यारा

Notice Inviting e Tender
Tamralipta Municipality
N.I.e.T. no(s) - WBMAD/ULB/CM/TM/37/2025-26(2nd Call)
WBMAD/ULB/CM/TM/41/2025-26
Online Tenders are invited for Sinking of Tube well within Tamralipta Municipality. Details are available at http://wbtenders.gov.in and office notice board. Last date of submission of tender online is 20.03.2026 up to 5.00pm
Sd/-
Chairman
Tamralipta Municipality

Tender No.1919/NGC Dated-27/02/2026
E-Tenders are invited from the competent authorities for the Security Guard Services Tender ID 2026_DHE_1018246_1, published on 05/03/2026.Last date of Bid submission-13/03/2026. Sealed tender quotations are also invited within 10 days from the date of publication of advertisement from the competent authorities for service, maintenance of Xerox Machine, Water Purifiers, Computers & Printers, AC Machine, Gym Equipment's and purchase of lab based equipment, chemicals & glass goods, printing & stationery items, garden plants, Gym & sports items, electronic items. Terms & conditions, list of requirements will be available from the college website www.ngc.ac.in & College Notice board.
Sd/-
Officer-in-Charge
Government General Degree College, Narayangarh

DEBRA THANA SAHID KSHUDIRAM SMRITI MAHAVIDYALAYA (AUTONOMOUS)
CHAKSHYAMPUR, DEBRA, PASCHIM MEDINIPUR-721124
PHONE-03222-243400
Website :www.debracollege.ac.in Mail: principaldebra@gmail.com; Mobile " 9733846160
NOTIC EINVITING TENDER
Tender Reference No. dtsksm/NIT77/26 dated:05/03/2026
Tender ID -2026_DHE_1018574_1
E-Tenders are invited from eligible Contractors /Firms/ Agencies having adequate credentials and financial capabilities. Intending bidder may download the tender documents from the website https://wbtenders.gov.in.

Name of the work	Construction of G+2 building within the compound of Debra Thana Sahid Kshudiram Smriti Mahavidyalaya, Mouza Gangaramchak, Paschim Medinipur
Bid Submission Start Date.	06/03/2026 at 18 hrs
Bid Submission End Date	16/03/2026 at 18 hrs

Sd/- Dr.Rupa Dasgupta, Principal
Debra Thana Sahid Kshudiram Smriti Mahavidyalaya
Chakshyampur, Debra, Paschim Medinipur

OFFICE OF THE BOARD OFCOUNCILLORS
HALISAHAR MUNICIPALITY
SHORT E-TENDER NOTICE
E-Tenders are invited by the Chairman,Halisahar Municipality, Halisahar, North 24 Parganas.
Tender No. WBMAD/ULB/HM/GEN-10(2025-26)
DT. 07.03.2026
Tender Title - VERIOUS DEVELOPMENT WORK UNDER HALISAHAR MUNICIPALITY FROM BEUP/Govt. Grant/Municipal Fund
Detail will be available at Website - http://wbtenders.gov.in
Sd/-
Chairman
Halisahar Municipality

NOTICE INVITING e-TENDER
Sealed Tenders are hereby invited from the eligible contractors in connection with the execution of 1 no of schemes for road works under NIeT No. 43/WBSRDA/MD/2025-26 [1st Call] of Executive Engineer, WBSRDA, Murshidabad Division. The details will be available in the website htpp://wbtenders.gov.in.
Executive Engineer
WBSRDA
Murshidabad Division

pnb Housing
Finance Limited
Ghar Ki Baat
परिशिष्ट –4–क
अचल सम्पत्ति(यों) की ई–नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना
पंजीकृत कार्यालयः – 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली –110001 फोनः – 011–23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइटः www.pnbhousing.com
टाटा नगर शाखाः–पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड तीसरी मंजिल, बढ़नी ट्रेड सेंटर, आर–रोड, पोस्ट ऑफिस–बिष्टुपुर, जमशेदपुर 831001

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर–डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर–सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः www.pnbhousing.com में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऋण संख्या, कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम गारंटर(S) (ए)	मांग सूचना की राशि और तारीख (बी)	कब्ज़ा का प्रकार (सी)	बंधक रखी सम्पत्तिओं का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि राशि (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/न्यायालय मामला, यदि कोई, (के)
HOU/TATA/0119/638657, बी.ओ.: टाटा नगर, राकेश शर्मा / रिया देवी	13.07.2021 तक रू. 1281698.81	भौतिक कब्जा	वह सारा जमीन का टुकड़ा जिसका क्षेत्रफल लगभग 3(तीन) कट्ठा प्लॉट नंबर 601, खाता नंबर 69 के तहत सब प्लॉट नंबर 601(इ) के तौर पर मार्क किया यह गांव हेथू, थाना नंबर 298, पी.एस. जगरनाथपुर, जिला रांची झारखंड और इसकी सीमा और बट इस तरह उत्तरः 12' चौड़ी प्रस्तावित सड़क दक्षिणः प्लॉट नंबर 598 का हिस्सा पूर्वः प्लॉट नंबर 598 का हिस्सा, पश्चिमः प्लॉट नंबर 601 का हिस्सा	रु. 1541000	रु. 154100	23.03.2026	रु. 10000	13.03.2026 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5:30 बजे	24.03.2026 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे	Not Known

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। ''पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकरी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं हैं, सिवाय उनके जो कालम नंबर–के में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है। 1. आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिबंध आदेश तथा/अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है। 2. संभावित क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर–के में वर्णित, कार्यवाही/पारित आदेश इत्यादि, यदि कोई, में बहस, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध उसके स्वामित्व के साथ संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है परंतु उसी तक सीमित नहीं है, का निरीक्षण स्वतंत्र रूप से कर सकती हैं तथा सभी संदर्भों में अपनी संतुष्टि अपनी निविदा/बोली आवेदन प्रस्तुत करने अथवा ऑफर(सं) प्रस्तुत करने से पहले कर सकती हैं। बोलीदाता(ओं) को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। 3. कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% (ब्याना सहित) जमा करने के लिए बाध्य है। पैसा, यदि कोई हो, जमा किया गया) उसी दिन या अगले कार्य दिवस की तुलना में बाद में नहीं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त करने के बाद ही (बोली लगाने वाले) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और इस तरह की जमा राशि के डिफ़ॉल्ट होने पर, संपत्ति / सुरक्षित संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। 4. मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई–नीलामी के माध्यम से बिक्री संचालन में प्राधिकृत अधिकारी कार्पोरेट कार्यालय पता : प्लॉट नंबर 68, तृतीय तल, सेक्टर–44, गुरुग्राम, हरियाणा–122003 वेबसाइट–www.bankeauctions.com सहायता करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, पीएनबीएचएफएल प्राधिकृत अधिकारी प्रियांक सिन्हा संपर्क नंबर 1800120 8800, या सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अथवा www.pnbhousing.com पर देखें।
स्थान : टाटा नगर, दिनांक : 07.03.2026 प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया दिनांक 01.04.2026 से अपनी विभिन्न शाखाओं/कार्यालयों एवं केन्द्रीय कार्यालय के विभागों का समवर्ती लेखापरीक्षा कार्य सौपने हेतु लेखा परीक्षक फर्मो (भा.रि.बैं. के पैनल में सूचीबद्ध) और सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सेवानिवृत्त कर्मचारियों (सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पैनल में सूचीबद्ध) से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है. विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट www.centralbank.bank.in पर "भर्ती" अनुभाग में उपलब्ध है. बैंक का वेब पोर्टल, ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 07.03.2026 से दिनांक 15.03.2026 सायं 5.00 बजे तक उपलब्ध रहेगा. वर्तमान में कार्यरत समवर्ती लेखापरीक्षक भी नए सिरे से आवेदन करें. किसी अन्य प्रारूप में आवेदन स्वीकृत नहीं किया जाएगा.
सहायक महा प्रबंधक
केन्द्रीय लेखापरीक्षा एवं निरीक्षण विभाग,
केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई
स्थान: मुंबई
दिनांक: 06.03.2026

कोलकाता संस्करण : बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक जय हरगोविंददास सरैया द्वारा सरस्वती प्रिंट फैक्टरी प्राइवेट लिमिटेड, 789, चौभागा वेस्ट, पोस्ट ऑफिस–तिलजला, कोलकाता–700105, प. बंगाल से मुद्रित एवं बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, सी/ओ एपीजे बिजनेस सेंटर, 15 पार्क स्ट्रीट, एपीजे हाउस, ब्लॉक–सी, 8वां तल, कोलकाता 700016, प. बंगाल से प्रकाशित। संपादक : कैलाश नौटियाल आरएनआई नं. WBHIN/2008/24333 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।

सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई–400013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं